Fourteenth Loksabha

Session : 7
Date : 19-05-2006

Participants : Yadav Dr. Karan Singh

Title : Regarding renovation of National Highway No. 13 linking Jaipur and Alwar via Sariska.

डॉ. करण सिंह यादव (अलवर) : सभापति महोदय, मेरे निर्वाचन क्षेत्र अलवर में, अलवर वाया थानागाजी सरिस्का मार्ग एन.एच. संख्या 13 सैकड़ों सालों से अस्तित्व में चला आ रहा है। पूर्व में एन.एच. संख्या 8 था। वह सड़क वर्तमान में जयपुर-अलवर वाया थानागाजी सरिस्का को बदलकर वाया घाटा बान्दरोल, नारायणपुर, तालवृक्ष, कुशालगढ़ होकर निकाली जा रही है। वर्तमान सड़क के आसपास आबादी के छोटे बड़े करीब 107 गांव अनादिकाल से बसे हुए हैं। वर्तमान में सड़क का उपयोग वाहन आदि लाने ले जाने में करते आ रहे हैं। वर्तमान सड़क के आसपास धार्मिक स्थल बांदीपुल हनुमान जी, पांडूपोल हनुमानजी, भर्तृहरि लोक देवता, नलदेश्वर महादेवजी व अन्य देवताओं के स्थान भी स्थित है। इनसे सभी क्षेत्रवासियों की धार्मिक भावनाएं जुड़ी हुई हैं। अब उक्त सड़क को सरिस्का अभयारण्य व वन्य जीवों को नुकसान पहुंचाने का बहाना बनाकर वर्तमान सड़क को जयपुर-अलवर बनाकर वाया घाटा बन्दरोल, नारायणपुर, तालवृक्ष और कुशलगढ़ होकर बदला जा रहा है, जिसकी जानकारी समाचार पत्रों से जनता को हुई है। वन संरक्षण के नाम पर वर्तमान सड़क को बन्द किए जाने से थानागाजी व आसपास के क्षेत्र की ग्रामीण जनता शिक्षा, चिकित्सा, न्याय व्यापार आदि के लिए भारी परेशान होगी व उक्त ग्रामीण जनता को इन सुविधाओं से महरूम रहना पड़ेगा। ...(व्यवधान)

सभापति महोदय : विाय रखिए।

डॉ. करण सिंह यादव : सभापति महोदय, अर्ज यह है कि नैशनल हाइवे सं.13 के मार्ग को बदला जा रहा है और केवल इस कारण बदला जा रहा है कि सरिस्का के अंदर से गुजरने के कारण पोचिंग होगी और रास्ते को बदलने से पोचिंग रुक जाएगी। मैं आपके माध्यम से मंत्री जी के ध्यान में लाना चाहता हूं कि सड़क के माध्यम से पोचिंग नहीं होती है। देश के अन्य तमाम अभयारण्यों से होकर नैशनल हाइवे गुजर रहे हैं, लेकिन उनसे कोई पोचिंग नहीं होती। इसलिए मेरा माननीय वन एवं पर्यावरण मंत्री तथा सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री से निवेदन है कि वे इस राट्रीय राजमार्ग संख्या 13 को न बदलें और इस मार्ग को यथावत् रखा जाए।